गोलालारीय समाज का मुखपत्र

RNI No. MPHIN/2008/26873
No. MP/ICD/1252/2012-2014

मासिक गोलालारीय दर्शन

प्रतिभा विशेषांक

अपनों के साथ अपनी बातें

golalariya_darshan@yahoo.in
गोलालारीय दर्शन यहां भी देख सकते है – www.golalariya.com

जो भरा नहीं हैं भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं। ह्रदय नहीं पत्थर हैं वो, जिसे समाज से प्यार नहीं।

वर्ष : 6 अंक : 3 पृष्ठ संख्या : 8 माह – 15 अगस्त 2014 सहयोग राशी – आजीवन सदस्य बनें ।

# प्रतिभाओं का सम्मान करना – समाज का दायित्व



## डॉ. अर्पित जैन, भोपाल

**डॉ. अर्पित ज्ञानेश कुमार जैन** ने भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा (UPSC) 2013 में **194 वां** स्थान प्राप्त किया है इन्होंने बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय से एमबीबीएस किया है, डॉ. अर्पित अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार के साथ कड़ी मेहनत व अनुशासन को देते है।


## इंजी. मनुदेव जैन, भोपाल

**श्री मनुदेव पवनकुमार जैन** ने प्रथम प्रयास में भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा (UPSC) 2013 में **425 वां** स्थान प्राप्त किया है इन्होंने वर्ष 2012 में इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में **8 वां** स्थान प्राप्त कर भारतीय रेल्वे सेवा में ट्रेनी आफिसर के तौर पर क्लास 1 अधिकारी के रुप में कार्य करते हुए यह सफलता अर्जित की है। मनुदेव योगाचार्य श्री फूलचंदजी जैन (योगीराज) छतरपुरवालों के पौत्र है



रिमझिम फुहारों के बीच गोलालारीय दर्शन का पावस अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है। गर्मी की भीषण तपन को सहने के पश्चात धरती को शीतलता का वरदान मिला है। कुछ ऐसी ही साम्यता हमारे नन्हें और युवा प्रतिभावान छात्र छात्राओं में दिखाई देती है, जिन्होंने पूरे वर्ष कठोर परिश्रम करके अपना लक्ष्य प्राप्त किया और सफलता प्राप्त कर संतोष का अनुभव किया। अधिकांश छात्रों ने अब तक अपने नये सत्र की तैयारी शुरु कर दी होगी और पिछले वर्ष की तरह इस बार भी सफलता के एक नये सफर की ओर चल पड़े है यह सफर अनवरत् जारी रहेगा जब तक कि वे सफलता के शिखर पर न पहुंच जाये। इन प्रतिभाओं ने स्वयं को सिद्ध किया है और इनका लोहा आज परिवार और समाज तो क्या पूरा देश मान रहा है। इनके मेहनत, जुनून और ज़ज्बे को गोलालारीय दर्शन सलाम करता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।


पिछले वर्ष इसी अवसर पर हमने इन प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिये समाज से सहयोग की अपील की थी और कुछ नज़ीरे भी प्रस्तुत की थी। यदि आपने अपने स्थानीय या व्यक्तिगत स्तर पर इस तरह के कोई सार्थक प्रयास किये हो तो उसे हमारे साथ बांटिये ताकि उसके प्रचार प्रसार से अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित किया जा सके। माता पिताओं से भी पुन: निवेदन है कि अपने प्रतिभाशाली बालक बालिकाओं को समाज के समक्ष लाने का दायित्व आप ही पूरा कर सकते है अत: इसमें किसी प्रकार का संकोच न करें। आपका यह छोटा सा व्यक्तिगत प्रयास न केवल बच्चों को प्रोत्साहित करता है वरन् भविष्य की सफलता को भी सुनिश्चित करता है। हम हमारे क्षेत्रीय प्रतिनिधियों का ह्रदय से आभार मानते है जिन्होंने अपने नगर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उनकी प्रविष्टी समय पर भेजी। गोलालारीय दर्शन सदैव ही बाल और युवा प्रतिभाओं के सम्मान और प्रोत्साहन हेतु तत्पर रहा है और ऐसी ही तत्परता अभिभावकों से भी अपेक्षित है जो कि वर्तमान में दिखाई नहीं दे रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में एक कदम और आगे बढ़ कर निकट भविष्य में समाज के हर क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने की योजना प्रस्तावित है। – **अनुपमा जैन,** सहसंपादिका




## आमंत्रण...

गोलालारीय समाज के कार्यरत या सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी, डाक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, वकील, धर्माचार्य, विख्यात कंपनियों के अधिकृत व्यापारीगण, बैंक व अन्य विभागों में कार्यरत देश–विदेश के अधिकारियों की जानकारी संपूर्ण विवरण के साथ 30 अक्टूबर 2014 तक अवश्य भेजें।


आप स्वयं या अपने रिश्तेदार और परिचितों का निम्न जानकारियों के साथ – सदस्य का नाम, पत्र व्यवहार का पता, जीवन परिचय, संबंधित क्षेत्र में कार्य विवरण व वार्षिक आय के साथ पासपोर्ट साइज का तात्कालिक फोटो पत्रिका कार्यालय 64 न्यू देवास रोड, इन्दौर पर भेजे। प्राप्त जानकारियों के आधार पर निकट भविष्य में पुस्तक प्रकाशन व सम्मान समारोह कार्यक्रम की रुपरेखा बनाई जा रही है।




**मृदुला,** भोपाल
डॉ. रेखा–राजीव जैन
12वी – 95.4%
सीबीएसई – विज्ञान



**अर्ची,** भोपाल
अलका–अरुण चौधरी
12वी – 94.6%
सीबीएसई – गणित



**नीरल,** अजमेर
प्रीति–विनोद कुमार जैन
12वी – 93.6%
सीबीएसई – कॉमर्स




**सम्यक,** पिछोर
विमल–राजेन्द्र जैन
12वी – 94.8%
बोर्ड – गणित

* **मृदुला जैन** ने राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (NSTSE) में राष्ट्रीय स्तर पर 70वां स्थान प्राप्त कर स्वर्ण हासिल किया है एवं किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन पुरस्कार में आपको प्रतिमाह 5000 रु. की स्कॉलरशिप भी प्राप्त हो रही है। वर्ष 2014 में AIPMT में राज्य में 41वां स्थान अर्जित किया है।

* **आर्ची जैन** ने वर्ष 2014 में IIT-JEE में 12807वां स्थान प्राप्त किया है।

**कु. एनी समीर जैन** ने 31वीं राष्ट्रीय सब जूनियर तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल कर इतिहास रचा है। यह पहला मौका है जब सब जूनियर वर्ग में म.प्र. के किसी तैराक ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पूर्व भी एनी ने अनेक स्पर्धाओं में सफलता अर्जित कर मेडल प्राप्त किये है। एनी सुरेश कुमार जैन विदिशा वालों की पौत्री है।






**नित्यता नितिन जैन** ने 10 वर्ष की उम्र में म.प्र. शतरंज प्रतियोगिता 2014 में अंडर 11 एवं अंडर 13 के बालिका वर्ग में मध्यप्रदेश टीम में चयन हआ है आप राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। पिछले चार वर्षो में इन्होंने अनेक प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त की है। इन्होंने कक्षा 4 में ए ग्रेड के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## शिक्षा सहायतार्थ की पहल में अभिवृद्धि

स्व. श्री राजेन्द्र कुमारजी जैन की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा जैन एवं पुत्र श्री संजय जैन द्वारा ने समाज के आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को सहायतार्थ हेतु प्रतिवर्ष 11000/– की राशि समाज को प्रदान की जावेगी। जिसे समाज कार्यकारिणी सदस्य योग्य विद्यार्थियों के संबंधित विद्यालयों में जाकर जमा कराएगा। इस पुनीत कार्य के लिए समाज न्यास एवं गोलालारीय दर्शन परिवार बधाई देता है।



**मास्टर प्रणय संजय जैन** ने वर्ल्ड म्युजिकल डे 21 जून 2014 पर लगातार 6 घंटे तक ड्रम बजाकर गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया है इन्होंने मशहूर गायक सुरेश वाडेकरजी के साथ भी संगत की है। प्रणय जैन पूर्व कोषाध्यक्ष स्व. श्री राजेन्द्रकुमार जैन इन्दौर वालों के पौत्र है।



गोलालारीय दर्शन समाज के 4500 परिवारों तक नियमित भेजा जा रहा है। संभव है डाक व्यवस्था या आपका पता सही न होने के कारण पत्रिका आपको व आपके रिश्तेदारों तक पत्रिका नहीं पहुंचती है तो उनका नाम व पता पोस्टकार्ड पर लिखकर पत्रिका कार्यालय पर भेज देवें या 9424013136 पर दोप. 4 से रात्रि 10 तक संपर्क कर सकते है या अपने पता का एसएमएस कर सकते है।